CMYK

Website : www.highwaychannel.in


छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 309 ▫ रायपुर, मंगलवार 3 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर याद किया गया



**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। आज आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती है। इस मौके पर पर देश उन्हें याद कर रहा है। वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को याद किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, %भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। बता दें कि देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के सिवान जिला के जीरादेई गांव में हुआ था। राजेन्द्र प्रसाद के पिता महादेव सहाय संस्कृत एवं फारसी के विद्वान थे और उनकी माता कमलेश्वरी देवी एक धर्मपरायण महिला थीं। वह एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे, जिन्होंने दो पूर्ण कार्यकाल की सेवा दी।

### चिन्मय कृष्ण दास के वकील पर हमला

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। इस्कॉन इंडिया ने दावा किया है कि गिरफ्तार हिंदू भिक्षु, चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का बचाव करने वाले एक बांग्लादेशी वकील पर इस्लामवादियों द्वारा उनके घर पर बेरहमी से हमला किया गया और वह वर्तमान में गहन चिकित्सा इकाई में हैं, अपने जीवन के लिए लड़ रहे हैं। यह घटना बांग्लादेश में देशद्रोह के आरोप में साधु की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा के बीच हुई है। एक ट्वीट में इस्कॉन इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि कृपया अधिवक्ता रामेन रॉय के लिए प्रार्थना करें। उनकी एकमात्र गलती अदालत में चिन्मय कृष्ण प्रभु का बचाव करना था। इस्लामवादियों ने उनके घर में तोड़फोड़ की और उन पर बेरहमी से हमला किया।

## इनामी कमांडर सहित 3 नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक भी बरामद



**बीजापुर,** 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बस्तर में माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बीजापुर जिले में संयुक्त सुरक्षा बल को बड़ी सफलता मिली है। मिरतुर व नेलसनार पुलिस ने अलग अलग कार्रवाई में तीन अलग अलग क्षेत्रों से 3 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर के अनुसार माओवादियों के खिलाफ नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा था. इसी दौरान मिरतुर पुलिस व छत्तीसगढ़ 15 ई बटालियन चेरली पिनकोंड़ा में साप्ताहिक बाजार की सुरक्षा व्यवस्था से लौट रही थीं। तभी पाटलीगुड़ा पुलिया के पास 5 किलोग्राम विस्फोटक के साथ 24 वर्षीय सुरेश कारम को गिरफ्तार किया गया। उसके साथ एक अन्य नक्सली भी गिरफ्तार किया गया। नक्सलियों के खिलाफ दूसरी कार्रवाई नेलनसार पुलिस ने किया। जवानों ने सीएनएम कमांडर दशरथ हेमला को गिरफ्तार किया, जो साल 2019 में नगर सैनिक राजू राम गोंदे की हत्या में शामिल था। दशरथ हेमला पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पकड़े गए तीनों नक्सली सीएनएम सदस्य व जनताना सरकार से जुड़े माओवादी बताए जा रहे हैं।

## बाइडेन ने विदाई से पहले भारत के साथ जबरदस्त रक्षा डील को दी मंजूरी



**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सोमवार को कांग्रेस (अमेरिका की संसद) को अधिसूचित किया कि उसने 'एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट% और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी देने का फैसला किया है जिसकी अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने 'कांग्रेस% को एक अधिसूचना में बताया कि उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी। बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी है। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। अधिसूचना के अनुसार, भारत ने 30 'मल्टीफंक्शनल इन्फॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम-जॉइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम्स% (एमआईडीएस-जेटीआरएस) खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इस बिक्री में मुख्य रूप से अनुबंध 'लॉकहीड मार्टिन रोटरी और मिशन सिस्टम% के साथ होगा। इसमें कहा गया है कि इसके कार्यान्वयन के वास्ते तकनीकी सहायता और प्रबंधन निरीक्षण के लिए अस्थायी आधार पर अमेरिका की सरकार 20 या अनुबंध में शामिल कंपनियों के 25 प्रतिनिधियों की भारत की यात्रा की जरूरत होगी।

## प्रधान पाठक ने कार्यालय में महिला बीईओ से की मारपीट गला दबाने की कोशिश, एफआईआर के बाद गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। महिला बीईओ की प्रधान पाठक ने पिटाई की है। मामले में बीईओ की शिकायत पर प्रधान पाठक को गिरफ्तार किया गया है। मामला रायपुर के अभनपुर का है, जहां बीईओ धनेश्वरी साहू के साथ प्रधान पाठक का विवार हो गया, जिसके बाद बीईओ कार्यालय में बीईओ के साथ प्रधान पाठक ने मारपीट की। इस मामले में का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक रसदा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्रधान पाठक राजन बघेल अपने सर्विस बुक में मार्किंग को लेकर अभनपुर की बीईओ धनेश्वरी साहू के पास पहुंचे थे। जहां सीआर में मार्किंग को लेकर बीईओ और प्रधान पाठक में विवाद हो गया। विवाद ज्यादा बढ़ा, तो प्रधान पाठक ने महिला बीईओ की पिटाई की कर दी। बीईओ कार्यालय में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गयी।

इधर घटना के बाद बीईओ कार्यालय के कर्मचारियों ने किसी तरह से बीच बचाव किया। इधर महिला बीईओ धनेश्वरी साहू ने अभनपुर थाने में इसकी शिकायत दर्ज करायी। दर्ज शिकायत में बीईओ धनेश्वरी साहू ने आरोप लगाया है कि प्रधान पाठक ने उनके साथ मारपीट की और गाली गलौज करते हुए गला दबाने की कोशिश की। महिला अफसर की शिकायत पर प्रधान पाठक के खिलाफ स्न्रङ्घक्र दर्ज की गयी, जिसके बाद अब प्रधान पाठक राजन बघेल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हाथी के शावक की ग्रामीणों ने बचाई जान



**रायगढ़,** 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। पास में मंडराते हाथियों के झुंड की परवाह किए बगैर ग्रामीणों ने खेत में पानी से भरे गड्ढे में फंसे हाथी के शावक को बचाकर अदम्य साहस का परिचय दिया. इस पूरे वाकये के दौरान वन विभाग का अमला कहीं नजर नहीं आया. रायगढ़ जिले के लैलूंगा रेंज मे विचरण कर रहे 41 हाथियों का दल बीती रात रायगढ़ वन मंडल के दानोट पहुंच गया था. हाथियों के दल का एक शावक नहाते समय चिल्कागुडा में एक खेत में बने गड्ढे में फंस गया. शावक बार-बार गड्ढे से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पार की ऊंचाई ज्यादा होने की वजह से वह निकल नहीं पा रहा था. संभवः हाथियों के झुंड के साथ उसकी मां ने भी उसे निकालने का प्रयास किया होगा, लेकिन निकालने में असफल रहने के बाद शावक को छोड़कर झुंड भी आगे निकल गया था. इस बात की जानकारी जैसे ही सुबह जैसे ही ग्रामीणों को हुई उन्होंने तत्काल बिना वन विभाग की मदद से मोर्चा संभाल लिया. खड्डे के आस-पास खुदाई शुरू कर घंटों बाद हाथी शावक को बाहर निकलने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई.




**चूहा- सुनती हो, एकनाथ शिंदे नाराज नहीं है तो मुख्यमंत्री की घोषणा में देरी क्यों हो रही है।**

**चुहिया- हां जी, पुख्ता मंत्रालय के लिए देरी कर रहे हैं।**

## प्रधानमंत्री मोदी ने बाढ़ के हालात पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से की बात, मदद का दिया आश्वासन

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से बात की और चक्रवात फेंगल और भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ के मद्देनजर राज्य को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। फोन के माध्यम से बातचीत में, मोदी ने तमिलनाडु, विशेषकर विल्लुपुरम में नुकसान की सीमा के बारे में जानकारी ली, जहां अभूतपूर्व बाढ़ ने बड़े पैमाने पर व्यवधान पैदा किया है। स्टालिन ने प्रधानमंत्री को बताया कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावी ढंग से निपट रही है और प्रभावित लोगों को राहत प्रदान कर रही है। उन्होंने वित्तीय सहायता के लिए अपना अनुरोध दोहराया और केंद्र सरकार से विस्तृत क्षति आकलन के लिए एक टीम भेजने का आग्रह किया।

## अदाणी मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में दो फाड़, कांग्रेस के प्रोटेस्ट से सपा-टीएमसी ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा से बहिर्गमन किया। विपक्ष की ओर से रिश्वत मामले में अमेरिकी अभियोजकों द्वारा गौतम अडानी को दोषी ठहराए जाने और संभल हिंसा जैसे मुद्दे शीतकालीन सत्र उठाए जा रहे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब एक दिन पहले ही सरकार और विपक्ष के बीच लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सुचारू कामकाज के लिए सहमति बन गई थी। हालांकि, इंडिया गुट में दरार मंगलवार को खुलकर सामने आ गई जब गौतम अडानी रिश्वत मामले पर संसद परिसर में संयुक्त विपक्ष के विरोध प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी शामिल नहीं हुईं। जबकि विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कुछ कांग्रेस सहयोगी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। अडानी मामले पर संसद में इंडिया अलायंस के विरोध प्रदर्शन में टीएमसी के शामिल नहीं होने पर टीएमसी सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि गठबंधन का हाल आप देख सकते हैं। कभी टीएमसी गायब तो कभी आम आदमी पार्टी गायब। कांग्रेस जहां भी जनता के पास जाती है, वहां जनता उन्हें नकार देती है। कांग्रेस के पास अब सिर्फ एक ही जगह है संसद गेट या फिर सदन को चलने नहीं देना।

## पत्नी ने हथौड़ा मार शराबी पति को उतारा मौत के घाट



**दुर्ग,** 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। पत्नी ने हथौड़ा मार पति को मौत के घाट उतार दिया। शराबी पति के रोज-रोज के लड़ाई झगड़े से तंग आकर पत्नी ने वारदात को अंजाम दिया। नेवई थाना पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक प्रार्थी रोहित साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनका छोटा पुत्र गजेन्द्र साहू अपनी पत्नि नीमा साहू व बच्चों के साथ रहता है, जो आये दिन शराब के नशे में आकर गाली गलौज कर वाद विवाद करता था। ३० नवंबर २०२४ को रात में भी अपने पत्नि नीमा के साथ वाद विवाद कर रहा था कि १ दिसंबर २०२४ को दोपहर १२ बजे मिलने गया तो देखा कि इनका लडका गजेन्द्र साहू अपने घर के कमरे में जमीन पर पड़ा था। उसके सिर के बाये एवं पीछे तरफ गंभीर चोट के निशान दिखा, जिससे बहुत ज्यादा खून बह रहा था छूकर देखा तो वह मर गया था। तब बहू नीमा साहू से पूछने पर बताई कि वह अपने पति के रोज रोज के शराब पीकर मारपीट लड़ाई झगड़ा करने से तंग आकर १ दिसंबर २०२४ के सुबह लगभग ६.३० बजे जब वह जमीन में सो रहा था, तो गुस्से में हत्या करने की नीयत से लोहे के हथौडे से उसके सिर पर कई बार वार कर हत्या कर दी। रिपोर्ट पर धारा २०३ (१) अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी आनंद शुक्ला को सुक्ष्मता से त्वरित विवेचना कार्यवाही हेतु निर्देशित करने पर कार्यवाही में लिया गया दौरान विवेचना आरोपिया नीमा साहू पति गजेन्द्र साहू उम्र २५ साल साकिन नेवईभाठा जलाराम चौक नेवई को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जो अपराध कारित करना स्वीकर करने पर आरोपियां के बताये अनुसार घटना में प्रयुक्त हथौड़े को जब्त किया गया। आरोपिया का कृत्य घारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आनंद शुक्ला, उनि खगेन्द्र पठारे, सुरेन्द्र तारम, प्रआर सूरज पाण्डेय, आरक्षक रवि बिसाई, विकास शर्मा, चितरंजन देवांगन, महिला आरक्षक दीप्ती चन्द्राकर, श्रेया राजपूत शामिल थे। गिरफ्तार आरोपी का नाम नीमा साहू पति गजेन्द्र साहू उम्र २५ साल साकिन नेवई भाठा जलाराम चौक नेवई है।




CMYK